प्रेषक,

अधिशासी अभियन्ता,
खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
गोण्डा।

सेवा में,

जिला सूचना अधिकारी,
गोण्डा।

पत्रांकः 3863 / M-38 / 53 दिनांकः 24/10/2026

विषयः– **समाचार पत्र दैनिक भास्कर में डिजीटल प्रकाशित शीर्षक "बिछुड़ी ग्राम पंचायत में पानी की टंकी का निर्माण अधुरा" की आख्या प्रेषण के सम्बन्ध में।**

महोदया,

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में दिनांक 23.10.2026 को प्रकाशित डिजीटल खबर "बिछुड़ी ग्राम पंचायत में पानी की टंकी का निर्माण अधुराः जल जीवन मिशन के तहत कब मिलेगा शुद्ध पेयजल" शीर्षक के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–02 के अन्तर्गत मेसर्स एल0 एण्ड0 टी0 द्वारा ग्राम पंचायत बिछुड़ी, विकास खण्ड रूपईडीह में कार्य कराया जा रहा है। वर्तमान तक पेयजल योजना पर नलकूप बोरिंग, बाउन्ड्री वाल, पम्प हाउस, वितरण प्रणाली 12.23 कि.मी. के सापेक्ष शतप्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। शिरोपरि जलाशय का कार्य 60 प्रतिशत एवं योजना में प्रस्तावित 486 नग गृह संयोजन के सापेक्ष 240 नग गृह संयोजन का कार्य किया जा चुका है। वर्तमान में शिरोपरि जलाशय में टैंक इरेक्शन एवं सोलर पैनल अधिष्ठापन का कार्य प्रगति पर है। योजना के शेष कार्यो को पूर्ण करने के पश्चात ग्राम पंचायत बिछुड़ी में जलापूर्ति चालू कर दी जायेगी। योजना को मार्च–2027 तक पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है, जिसे समयान्तार्गत पूर्ण कर जलापूर्ति चालू कर दी जायेगी।

उक्त के अतिरिक्त जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट के निवारण हेतु जल जीवन मिशन के हेल्प लाइन नम्बर 18001212164 पर पेयजल से सम्बन्धित शिकायतें दर्ज कराई जा सकती है साथ ही जल सारथी एप के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में की जा रही जलापूर्ति की रियल टाइम स्थिति की जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0: 3863 / M-38 / 52 दिनांकः 24/10/2026

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदया, गोण्डा।
3. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर।
4. परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स एल0 एण्ड0 टी0 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि ग्राम बिछुड़ी पेयजल योजना के अवशेष कार्यो को गुणवत्ता पूर्वक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner

प्रेषक,

अधिशासी अभियन्ता,
खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
गोण्डा।

सेवा में,

जिला सूचना अधिकारी,
गोण्डा।

पत्रांकः 3863 / M-38 / 52 दिनांकः 24/10/2026

विषयः– **समाचार पत्र दैनिक भास्कर में डिजीटल प्रकाशित शीर्षक ''बिछुड़ी ग्राम पंचायत में पानी की टंकी का निर्माण अधुरा'' की आख्या प्रेषण के सम्बन्ध में।**

महोदया,

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में दिनांक 23.10.2026 को प्रकाशित डिजीटल खबर ''बिछुड़ी ग्राम पंचायत में पानी की टंकी का निर्माण अधुराः जल जीवन मिशन के तहत कब मिलेगा शुद्ध पेयजल'' शीर्षक के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–02 के अन्तर्गत मेसर्स एल0 एण्ड0 टी0 द्वारा ग्राम पंचायत बिछुड़ी, विकास खण्ड रूपईडीह में कार्य कराया जा रहा है। वर्तमान तक पेयजल योजना पर नलकूप बोरिंग, बाउन्ड्री वाल, पम्प हाउस, वितरण प्रणाली 12.23 कि.मी. के सापेक्ष शतप्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। शिरोपरि जलाशय का कार्य 60 प्रतिशत एवं योजना में प्रस्तावित 486 नग गृह संयोजन के सापेक्ष 240 नग गृह संयोजन का कार्य किया जा चुका है। वर्तमान में शिरोपरि जलाशय में टैंक इरेक्शन एवं सोलर पैनल अधिष्ठापन का कार्य प्रगति पर है। योजना के शेष कार्यो को पूर्ण करने के पश्चात ग्राम पंचायत बिछुड़ी में जलापूर्ति चालू कर दी जायेगी। योजना को मार्च–2027 तक पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है, जिसे समयान्तार्गत पूर्ण कर जलापूर्ति चालू कर दी जायेगी।

उक्त के अतिरिक्त जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट के निवारण हेतु जल जीवन मिशन के हेल्प लाइन नम्बर 18001212164 पर पेयजल से सम्बन्धित शिकायतें दर्ज कराई जा सकती है साथ ही जल सारथी एप के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में की जा रही जलापूर्ति की रियल टाइम स्थिति की जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0: / / दिनांकः /10/2026

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदया, गोण्डा।
3. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर।
4. परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स एल0 एण्ड0 टी0 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि ग्राम बिछुड़ी पेयजल योजना के अवशेष कार्यों को गुणवत्ता पूर्वक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner